बिहार लोक सेवा आयोग
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या – 18/2024 से 21/2024 के अन्तर्गत बिहार कृषि सेवा के विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक 01.03.2024 से 04.03.2024 तक आयोजित है।

उक्त प्रतियोगिता परीक्षा हेतु कुछ उम्मीदवारों द्वारा एक से अधिक विज्ञापनों के लिए आवेदन किया गया है जिसमें से विज्ञापन संख्या 18/2024 एवं 21/2024, दोनों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को एक अनुक्रमांक आवंटित करते हुए एक प्रवेश पत्र जारी किया गया है। उनकी उम्मीदवारी दोनों विज्ञापनों के अन्तर्गत मान्य रहेगी।

परन्तु विज्ञापन संख्या – 18/2024 एवं 21/2024 के साथ अन्य दो विज्ञापनों, विज्ञापन संख्या – 19/2024 अथवा 20/2024 के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को अलग–अलग अनुक्रमांक एवं तदनुसार परीक्षा केन्द्र आवंटित किये गये हैं।

वैसे उम्मीदवारों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या – 18/2024 एवं 21/2024 के लिए निर्गत प्रवेश पत्र के आधार पर वे दिनांक 01.03.2024 को सामान्य हिन्दी एवं सामान्य ज्ञान एवं दिनांक 02.03.2024 को शष्य – प्रथम पत्र एवं शष्य – द्वितीय पत्र की परीक्षा में शामिल हों तथा दिनांक 03.03.2024 को विज्ञापन संख्या – 19/2024 एवं दिनांक 04.03.2024 को विज्ञापन संख्या – 20/2024 के लिए निर्गत प्रवेश पत्र के आधार पर परीक्षा में शामिल हों।

साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाता है कि दिनांक 01.03.2024 को आयोजित परीक्षा के दोनों विषयों – सामान्य हिन्दी एवं सामान्य ज्ञान के सभी 04 विज्ञापनों के लिए एक ही प्रश्न पत्र रहेंगे।

26/02/24

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना